
JOGGER









# छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय,में महान हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में राष्टीय खेल दिवस मनाया



**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय, हिसार ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय, राजगढ़ रोड, हिसार में महान हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस खेलेगा भारत, जीतेगा भारत% थीम पर आधारित है। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों के लिए रस्सी कूद, रस्साकसी, टेबल टेनिस, गोला फेंक सूर्य नमस्कार व अन्य योग क्रियाएं वह प्रतियोगिताएं करवाई गई। स्टाफ सदस्यों के लिए टेबल टेनिस, गोला फेंक खेल गतिविधियां आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा लोहान ने बताया कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, इसलिए महाविद्यालय परिसर में नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां होनी चाहिए, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य, नेतृत्व क्षमता व टीम भावना का विकास होता है। ये गतिविधियां स्वस्थ एवं सक्रिय भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है। इन गतिविधियों का आयोजन श्री प्रेम सुख शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक व डॉ.अजीत सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

